| हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|
| पत्रावली आज दिनांक को प्रशासन गांव के संग अभियान फोलोअप केम्प के तहत केम्प कोर्ट **महुआ खुर्द** पर पेश हुई। प्रकरण को अवलोकन किया गया। अवलोकन से **प्रार्थी** अपनी खातेदारी भूमि की पत्थरगढी करवाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके पक्ष में **प्रार्थी** द्वारा ग्राम **लापिया प0ह0 बबराणा भू0अ0निरीक्षक क्षेत्र महुआ खुर्द तहसील बनेड़ा** जमाबंदी संवत् **2075 से 2078** तक की संलग्न की गयी है। प्रकरण मूल रूप से **पत्थरगढी/सीमांकन** से संबंधित होने से किसी अन्य खातेदारान/पड़ौसियान के हक अधिकार प्रभावित नहीं होते है न ही किसी प्रकार के हक अधिकार निर्धारित किये जाते है। **प्रार्थी** के प्रार्थना पत्र में अपनी खातेदारी भूमि की पत्थरगढी बाबत वर्णित तथ्यों से मेरा समाधान हो जाने से **प्रार्थी** का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित समझता हूं। अतः **प्रार्थी** का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। निर्णय अलग से लिखाया जाकर शामिल पत्रावली करवाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बनेड़ा<br><br>Signature Not Verified<br>Digitally signed by Anshul Singh<br>Date: 2022.07.11 16:12:04 IST<br>Reason: SelfAttested | |

प्रशासन गांवों के संग फोलो अप केम्प महुआ खुर्द

# ...उपखण्ड अधिकारी, बनेड़ा जिला भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी अंशुल सिंह आर०ए०एस०

...र – 183 /2021 राजस्व प्रार्थना पत्र

**उनवान**

...सिंह पिता नारायण सिंह राजपूत निवासी डांगी फेक्ट्री के पास आजाद नगर भीलवाड़ा

—प्रार्थीगण

**बनाम**

1–2 नारायण, सत्यनारायण पिता जगनाथ बलाई निवासी लापिया तहसील बनेड़ा
3– धनसिंह पिता देबीसिंह राजपूत निवासी लापिया तहसील बनेड़ा
4–5 गोपाल सिंह, महेन्द्र सिंह पिता गोविन्द सिंह राजपूत निवासी लापिया तहसील बनेड़ा
6–8 प्रताप सिंह, अमर सिंह, हनुमान सिंह पिता गुलाब सिंह राजपूत निवासी लापिया तहसील बनेड़ा
9– लाली देवी पत्नी राधेश्याम सेन निवासी लापिया तहसील बनेड़ा
10– बालु पिता रामलाल जाट निवासी लापिया तहसील बनेड़ा
11– हीरा पिता भुरा जाट निवासी लापिया तहसील बनेड़ा
12– महादेव पिता देबी जाट निवासी लापिया तहसील बनेड़ा
13– रामेश्वर पिता रूपा गाडरी निवासी लापिया तहसील बनेड़ा
14– शम्भु लाल पिता रामचन्द्र गाडरी निवासी लापिया तहसील बनेड़ा
15– राजस्थान राज्य सरकार जरिये तहसीलदार बनेड़ा

—विपक्षीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956**

## निर्णय

दिनांक :– 03/06/2022

**प्रार्थी** की ओर से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राज०भू०राज० अधिनियम 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम **लापिया** तहसील **बनेड़ा** जिला **भीलवाड़ा** में स्थित आराजी नम्बर **1176 रकबा 1.9096 है0, 1206 रकबा 0.4932 है0** कुल **किता 2** रकबा **2.4028 है0** के खातेदार काश्तकार है। वादग्रस्त आराजियात की भूमि के विपक्षीगण पडौसी है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। इसलिए **प्रार्थी** अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहते हैं। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावें।

**प्रार्थी** का प्रार्थना पत्र पंजीबद्ध किया गया ... प्रस्तुत खाते की नकल जमाबंदी का अवलोकन किया गया। जमाबन्दी संवत 2075 से 2078 ग्राम **लापिया तहसील बनेड़ा जिला भीलवाड़ा** में स्थित **आराजी नम्बर 1176 रकबा 1.9096 है0, 1206 रकबा 0.4932 है0 कुल किता 2 रकबा 2.4028 है0** भूमि प्रार्थी के नाम दर्ज होकर खातेदार है। **प्रार्थी**

Signature Not Verified
Digitally signed by Anshul Singh
Date: 2022.07.11 16:12:04 IST
Reason: SelfAttested

1580

...क्त कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने के अधिकारी है। इस आदेश से किसी ... राजस्व अभिलेख में किसी प्रकार का हक व अधिकार तय नहीं होते है तथा ...र से अधिकार निर्धारित किये जाते है। अतः नैसर्गिक सिद्धान्त के आधार पर ...्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है। अतः **प्रार्थी** का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना ...मझता हूं।

## // आदेश //

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र धारा–111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 के तहत स्वीकार किया जाकर **ग्राम लापिया तहसील बनेड़ा जिला भीलवाड़ा में स्थित प्रार्थीगण की आराजी नम्बर 1176 रकबा 1.9096 है0, 1206 रकबा 0.4932 है0 कुल किता 2 रकबा 2. 4028 है0** भूमि सीमा जानकारी के लिये पत्थरगढी किये जाने का आदेश दिया जाता है। पत्थरगढी किये जाने के लिये भू0अ0निरीक्षक **महुआ खुर्द** को **900/– रूपये** कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर उभयपक्षकरान को विधिवत नोटिस तामिल करा उन्हें मौके पर उपस्थित रहने हेतु पाबंद करावे। पत्थरगढी से पूर्व उभयपक्षकारान की लिखित सहमति प्राप्त ली जावे। लिखित सहमति पश्चात उनकी उपस्थिति में ही_पत्थरगढ़ी की कार्यवाही सम्पन्न जावें अन्यथा नहीं। कमिश्नर फीस प्रार्थीगण मौके पर जमा करावें। पत्थरगढी करने के पश्चात यदि यह पाया जाता है कि प्रार्थीगण की भूमि पर अन्य काश्तकार का या किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा है तो ऐसी स्थिति में प्रार्थीगण को विधिवत कब्जा प्राप्त करने हेतु सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने हेतु स्वतंत्र है। उक्त आदेश के तहत किसी प्रकार से राजस्व रेकार्ड में फेरबदल नहीं किया जावे। यदि प्रार्थीगण की उपरोक्त खातेदारी भूमि के संबंध में अन्य न्यायालयों में कार्यवाही विचाराधीन होने एंव स्थगन होने पर पत्थरगढी कार्य नही किया जावे। अतः भू0अ0निरीक्षक **महुआ खुर्द** जो कि उक्त प्रकरण में कमिश्नर है, मौके पर उपस्थित प्रार्थीगण व विपक्षीगण की उपस्थिति में पत्थरगढी की जाकर पर्चा मौका मय मानचित्र प्रस्तुत करे। पत्थरगढी किये जाने के लिये तहसीलदार बनेड़ा को पालना हेतु लिखा जावे। आदेश की पालना अपील अवधि समाप्ति पश्चात ही की जावे। अपील अवधि के भीतर आदेश की पालना नहीं की जावे।

निर्णय आज दिनांक **03/06/2022** को मेरे द्वारा लिखाया जाकर केम्प कोर्ट मुख्यालय **महुआ खुर्द** पर सुनाया गया।

(अंशुल सिंह)
उपखण्ड अधिकारी
बनेड़ा जिला भीलवाड़ा

प्रतिलिपि :–

तहसीलदार बनेड़ा के पास भेजकर लेख है कि मुताबिक आदेश पक्षकारान को नोटिस तामिल करा कर कमिश्नर के मुताबिक पत्थरगढी की जाकर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Anshul Singh
Date: 2022.07.11 16:12:04 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
बनेड़ा जिला भीलवाड़ा